2025/IG/PIU/DigiNews/Nov /3150

इग्नू जन–जन का विश्वविद्यालय

प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

19th Nov 2025 | RC– Varanasi

# Induction & Faculty orientation meeting report at LSC(R) 2737 MD PG College, Pratapgarah.



**Regional Director Dr. U. N. Tripathi attended the Induction meeting at LSC 2737 M D PG College, Pratapgarh on 12th November, 2025 for July 2025 session enrolled students. In this meeting Dr. U. N. Tripathi, Regional Director briefed all activities like assignment submission, counseling classes, examination, Re-registration, and SLM related information to the learners and also advised all students to follow the Social media accounts of IGNOU Headquarter and RC and also to visit Regional Centre website regularly for latest information. Dr. Tripathi, encouraged the learners to pursue additional courses through distance education alongside their regular programmes.**

**Dr. Abhishek Singh, Coordinator of the IGNOU Study Centre 2737, provided insights into the facilities and support services available at the study centre for learners.**

**A meeting was also held with the Principal Prof. Prof. Shailendra Kumar Mishra and Faculty interaction and orientation of teachers of the college was conducted to motivate the teachers for applying as Academic Counsellors. In this meeting, Prof. R K Dubey, Chief Proctor, Prof. Rajiv Malviya, HOD Education deptt, Prof Arvind Mishra, Ex-coordinator, HOD Botany deptt, Dr. Seema Tripathi, HOD English deptt, Dr Sanjay Dubey, Asst professor, Education deptt, Dr. Mukta Verma, Asstt Professor History, Dr. C N Pandey HOD Commerce deptt are also present. Around 70 students were participated in the induction meeting programme**

2025/IG/PIU/DigiNews/Nov /3151

इग्नू जन–जन का विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ

(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

***19th Nov 2025*** | **RC– Varanasi**





2025/IG/PIU/DigiNews/Nov /3152

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

**19th Nov 2025** | **RC– Varanasi**





2025/IG/PIU/DigiNews/Nov /3153

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

**19th Nov 2025** | **RC– Varanasi**




हाराज • जागरण | पांडेय आदि मौजूद रहे। | कथा व्यास जगदीश भूषण मिश्र • जागरण

## दूरस्थ शिक्षा में वरदान है इग्नू : क्षेत्रीय निदेशक

- एमडीपीजी कालेज अध्ययन केंद्र पर परिचय सभा
- क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के निदेशक रहे मुख्य अतिथि

संसू, जागरण, प्रतापगढ़ : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के एमडीपीजी कालेज अध्ययन केंद्र पर गुरुवार को नव प्रवेशी शिक्षार्थियों के परिचय सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के निदेशक प्रो. उपेंद्र त्रिपाठी ने छात्रों को इग्नू की आधुनिक तकनीकों जैसे ई-ज्ञानकोष, ई-कंटेंट, आनलाइन काउंसलिंग और टीवी चैनल के माध्यम से शिक्षा की सर्वसुलभता पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय निदेशक ने काउंसलर्स को भी अपडेटेड जानकारियां दीं। अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार मिश्र ने कहाकि इग्नू की स्थापना दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है। केंद्र के समन्वयक डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जो सभी उम्र के सभी वर्ग के शिक्षार्थियों को एक समान शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने इग्नू प्रतापगढ़ में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी भी दी। इग्नू के काउंसलर प्रो. अरविंद मिश्र, प्रो. राजीव मालवीय, प्रो. राधाकृष्ण दुबे, डा. छवि नारायण पांडेय, डा. संजय कुमार दुबे, डा. सीमा त्रिपाठी आदि ने अपने विषय एवं पाठ्यक्रम की जानकारी दी। संचालन काउंसलर हिफ़्ज़ा अंसारी ने किया।



एमडीपीजी कालेज इग्नू अध्ययन केंद्र पर गुरुवार को नव प्रवेशी शिक्षार्थियों के परिचय सभा में मंचस्थ अतिथि • सौ. कालेज

इग्नू जन–जन का विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

**19th Nov 2025** | **RC– Varanasi**

## इग्नू की आधुनिक तकनीकों से छात्रों को कराया गया रूबरू

### एमडीपीजी कालेज में शिक्षार्थियों का परिचय सभा का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़ ( स्वरूप संवाददाता )।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में एमडीपीजी कॉलेज अध्ययन केंद्र पर नव प्रवेशी शिक्षार्थियों के परिचय सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने छात्रों को बताया कि इग्नू की स्थापना दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के निदेशक प्रो उपेंद्र नभ त्रिपाठी ने छात्रों को इग्नू की आधुनिक तकनीकों जैसे ई–ज्ञानकोष, ई–कंटेंट, ऑनलाइन काउंसलिंग, और टी.वी. चौनल के माध्यम से शिक्षा की सर्वसुलभता पर प्रकाश डाला। इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए बताया कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है जो सभी उम्र के सभी वर्ग के शिक्षार्थियों को एक समान शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। इग्नू के काउंसलर प्रो अरविंद मिश्र, प्रो राजीव मालवीय, प्रो राधाकृष्ण दुबे, डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ संजय कुमार दुबे, डॉ सीमा त्रिपाठी आदि ने अपने विषय एवं पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारियां उपस्थित शिक्षार्थियों को दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए इग्नू संबंधित समस्याओं का क्षेत्रीय निदेशक द्वारा निदान किया गया।

## परिचय सभा में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र में दाखिला लेने वाले नए विद्यार्थियों की परिचय सभा का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया।

प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने कहा कि इग्नू की स्थापना दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के निदेशक प्रो. उपेंद्र त्रिपाठी ने छात्रों को इग्नू की आधुनिक तकनीकों जैसे ई-ज्ञानकोष, ई-कंटेंट, ऑनलाइन काउंसलिंग, और टीवी चैनल के माध्यम से शिक्षा की सर्व सुलभता की जानकारी दी।

समन्वयक डॉ. अभिषेक सिंह ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया। कहा कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जो सभी उम्र के शिक्षार्थियों को एक समान शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। संचालन काउंसलर हिफ्जा अंसारी ने किया। इस अवसर पर काउंसलर प्रो. अरविंद मिश्र, प्रो. राजीव मालवीय, प्रो. राधाकृष्ण दुबे, डॉ. छवि नारायण पांडेय, डॉ. संजय दुबे, डॉ. सीमा त्रिपाठी, डॉ. मुक्ता वर्मा, श्रीवर्धन पांडेय मौजूद रहे। संवाद

2025/IG/PIU/DigiNews/Nov /3155

इग्नू जन–जन का विश्वविद्यालय

प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

19th Nov 2025

RC– Varanasi

# दूरस्थ शिक्षा में वरदान है इग्नू : क्षेत्रीय निदेशक



**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में एमडीपीजी कॉलेज अध्ययन केंद्र पर नव प्रवेशी शिक्षार्थियों के परिचय सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने छात्रों को बताया कि इग्नू की स्थापना दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के निदेशक प्रो उपेंद्र नभ त्रिपाठी ने छात्रों को इग्नू की आधुनिक तकनीकों जैसे ई-ज्ञानकोष, ई-कंटेंट, ऑनलाइन काउंसलिंग, और टी.वी. चौनल के माध्यम से शिक्षा की सर्वसुलभता पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय निदेशक द्वारा उपस्थित अकैडमिक काउंसलर्स को भी इग्नू से सम्बंधित अपडेटेड जानकारियां दी गई। इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए बताया कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है जो सभी उम्र के सभी वर्ग के शिक्षार्थियों को एक समान शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। इग्नू के काउंसलर प्रो अरविंद मिश्र, प्रो राजीव मालवीय, प्रो राधाकृष्ण दुबे, डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ संजय कुमार दुबे, डॉ सीमा त्रिपाठी आदि ने अपने विषय एवं पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारियां उपस्थित शिक्षार्थियों को दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए इग्नू संबंधित समस्याओं का क्षेत्रीय निदेशक द्वारा निदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन काउन्सलर हिफ़्ज़ा अंसारी ने किया। कार्यक्रम में डॉ मुक्ता वर्मा, श्रीवर्धन पांडे, विजय पांडेय, विनोद कनौजिया, आशीष गौड़, रोहन सिंह, अयूब ख़ान आदि उपस्थित रहे।